साप्ताहिक वन लाइनर्स (2 अगस्त - 8 अगस्त) 2021

8 अगस्त

- **रेखा शर्मा** को **7 अगस्त 2021** से अगले **तीन वर्षों** के लिए पुन: **राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) की अध्यक्ष** नियुक्त किया गया है।
- **तेलंगाना सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा संचार (IT,E&C) विभाग** ने Xperience-AI समिट में **'AI गेमचेंजर' पुरस्कार** जीता।
- DRDO के अध्यक्ष **जी. सतीश रेड्डी** ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से **दूसरी इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स (IEEE) इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन रेंज टेक्नोलॉजी (ICORT-2021)** का उद्घाटन किया।

- **नागर विमानन मंत्रालय** ने **राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (NISER), भुवनेश्वर** को ड्रोन उपयोग की अनुमति दी। इसे **मानवरहित विमान प्रणाली (UAS) नियम, 2021** से छूट प्राप्त है।

- केंद्रीय ऊर्जा मंत्री **आर.के. सिंह** ने वर्चुअल मोड के माध्यम से **'विद्युत क्षेत्र के लिए सुधार एवं नियामकीय ज्ञान आधार'** लॉन्च किया। यह विविध पृष्ठभूमि के पेशेवरों को नियामकीय प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक ई-प्रमाणन कार्यक्रम है।

- पूर्व भारतीय फुटबॉलर **सुब्रमण्यम शंकर नारायण (86 वर्षीय)** का ठाणे, महाराष्ट्र स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। उन्होंने 1956 तथा 1960 के ओलंपिक में भाग लिया।

- भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत (IAC) **विक्रांत** ने कोच्चि से 4 अगस्त से 8 अगस्त 2021 तक अपनी पांच दिवसीय **पहली समुद्री परीक्षण यात्रा** पूरी की। विक्रांत के **2022** में भारतीय नौसेना में शामिल होने की उम्मीद है।

7 अगस्त

- प्रधानमंत्री **नरेंद्र मोदी** ने **राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार** (देश का सर्वोच्च खेल सम्मान) का नाम बदलकर हॉकी के जादूगर **मेजर ध्यानचंद** के नाम पर करने की घोषणा की।
- भारत के **भाला फेंक** खिलाड़ी **नीरज चोपड़ा** (23 वर्षीय) ने **ओलंपिक ट्रैक एंड फील्ड** स्पर्धा में **पहली बार स्वर्ण पदक** जीतकर इतिहास रच दिया।
- **कपड़ा मंत्रालय** द्वारा **7 अगस्त** को वर्चुअल माध्यम में **राष्ट्रीय हथकरघा दिवस** का आयोजन किया जा रहा है।
- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री **डॉ. वीरेंद्र कुमार** ने कौशल विकास योजनाओं को लक्षित समूहों हेतु सुगम्य बनाने के लिए PM-DAKSH पोर्टल तथा PM-DAKSH मोबाइल ऐप लॉन्च किया।
- जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल **मनोज सिन्हा** ने **स्वतंत्रता दिवस** समारोह के लिए डल झील के तट से साइक्लोथॉन कार्यक्रम **'पेडल फॉर डल'** को झंडी दिखाई।

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

- भारतीय पहलवान **बजरंग पुनिया** ने कजाकस्तान के **दौलेट नियाज़बेकोव** को 8-0 से हराकर पुरुषों की **65 किग्रा फ्रीस्टाइल** स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।
- **धृति बनर्जी** को **भारतीय प्राणि सर्वेक्षण (ZSI) की पहली महिला निदेशक** नियुक्त किया गया।

- **मनन भट्ट** ने एक नई पुस्तक **'बालाकोट एयर स्ट्राइक: हाउ इंडिया एवेंज्ड पुलवामा'** विमोचित की है। पुस्तक **गरुड़ प्रकाशन** द्वारा प्रकाशित की गई है।

6 अगस्त

- भारतीय पहलवान **रवि कुमार दहिया** ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में रूस के दो बार के गत विश्व **चैंपियन ज़ावुर उगुएव** से 4-7 से हारने के बाद 57 किग्रा **फ्रीस्टाइल फाइनल में रजत पदक** जीता।
- दो भारतीय अर्थशास्त्री, **जगदीश भगवती (कोलंबिया विश्वविद्यालय)** और **सी रंगराजन (RBI के पूर्व गवर्नर)** को **इंडियन इकोनोमेट्रिक सोसाइटी (TIES) ट्रस्ट** द्वारा पहले **प्रोफेसर सीआर राव शताब्दी स्वर्ण पदक (CGM)** से सम्मानित किया गया।

- **सीमा सड़क संगठन (BRO)** ने **पूर्वी लद्दाख में उमलिंगला दर्रे पर दुनिया की सबसे ऊंची मोटर संचालन योग्य सड़क** का निर्माण किया है। यहउमलिंगला दर्रे पर **52 किलोमीटर लंबी पक्की सड़क है** और इसका निर्माण **19,300 फीट** की ऊंचाई पर किया गया है।
- **हिरोशिमा दिवस** हर साल **6 अगस्त** को **1945** में उस दिन की याद में मनाया जाता है जब संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा जापानी शहर हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराया गया था, इसके बाद 9 अगस्त को नागासाकी शहर पर एक और बम गिराया गया था।

- **TRIFED विदेश मंत्रालय के** सहयोग से दुनिया भर में **100 भारतीय मिशनों / दूतावासों** में **आत्मनिर्भर भारत** कॉर्नर स्थापित करेगा। कॉर्नर विदेशों में जीआई टैग, प्राकृतिक व जैविक आदिवासी उत्पादों को बढ़ावा देने का एक विशेष मंच होगा।

- **व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय** ने शहरी स्थानीय निकायों, ULBs को अनुदान प्रदान करने हेतु चार राज्यों को **685 करोड़ रुपये** से अधिक की राशि जारी की है। इसमें से **494 करोड़ रु. यूपी को, 110 करोड़ रु. गुजरात को, 74 करोड़ रु. झारखंड को** और **6 करोड़ रु. मिजोरम को जारी किए गए हैं।**
- **केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख** ने जल जीवन मिशन के कार्यान्वयन की गति बढ़ाने व स्वच्छ पानी के महत्व पर ग्रामीण समुदायों को सूचित करने और उनसे जुड़ने के लिए **'पानी माह' (जल माह)** नामक एक महीने का अभियान शुरू किया है।

- **भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता मौजूदा 22,480 मेगावाट से 2031** तक **6780 मेगावाट** पहुंचने की उम्मीद है। देश में कुल बिजली उत्पादन में परमाणु ऊर्जा का **हिस्सा 2020-21 में** लगभग 3.**1% है।**
- भारतीय नौसेना का जहाज **खंजर ओडिशा** के गोपालपुर के विरासत तटीय बंदरगाह पर कॉल करने वाला **पहला भारतीय नौसेना जहाज** बन गया।

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

- **VO चिदंबरनार पोर्ट ट्रस्ट ई-कार तैनात करने वाला देश का पहला प्रमुख बंदरगाह** बन गया है। इसनेपहले चरण में तीन **टाटा Xpres-T इलेक्ट्रिक वाहनों** को शामिल किया है।
- **सुप्रीम कोर्ट** ने फैसला किया है कि **किसी राज्य** के **राज्यपाल मौत की सजा सहित कैदियों** को **माफ कर सकते हैं, यहां तक की** न्यूनतम 14 साल की जेल की सजा काटने से पहले ही।

5 अगस्त

- भारतीय मुक्केबाज **लवलीना बोरगोहेन (23 वर्षीय)** महिला वेल्टरवेट (64-69 किग्रा) सेमीफाइनल मुकाबले में तुर्की की शीर्ष वरीयता प्राप्त बुसेनाज सुरमेनेली से 0-5 से हारकर **कांस्य पदक** विजेता बनीं। वह विजेंदर सिंह (2008) और एम.सी. मैरी कॉम (2012) के बाद ओलंपिक में पदक जीतने वाली तीसरी भारतीय मुक्केबाज हैं।

- **भारतीय पुरुष हॉकी टीम** ने **टोक्यो ओलंपिक** में जर्मनी को हराकर कांस्य पदक जीता। 1980 में मास्को में ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद से यह हॉकी में भारत का पहला ओलंपिक पदक है।
- भारत-रूस संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास **'INDRA 2021'** रूस में वोल्गोग्राड के प्रूडबॉय रेंज में शुरू हुआ।
- 8 जनवरी 2021 को **अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) फ्रेमवर्क समझौते** में हुए संशोधन, जिससे संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों के लिए इसकी सदस्यता खुल गई, के लागू होने के बाद **जर्मनी** इस पर हस्ताक्षर करने वाला 5वां देश बना।
- उत्तराखंड के मुख्यमंत्री **पुष्कर सिंह धामी** ने **'उत्तराखंड भूकम्प अलर्ट'** नामक भूकंप पूर्व चेतावनी मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया।
- **CBIC** ने लगभग 12,000 सीमा-शुल्क टैरिफ मदों के लिए सीमा–शुल्क की सभी प्रक्रियाओं तथा नियामक अनुपालन से जुड़ी जानकारी तक निःशुल्क पहुंच प्रदान करने के लिए **cip.icegate.gov.in/CIP** पर **भारतीय सीमा- शुल्क अनुपालन सूचना पोर्टल (CIP)** का शुभारंभ किया।
- **विश्व बैंक** ने भारत के मौजूदा बांधों के दीर्घकालिक बांध सुरक्षा कार्यक्रम और प्रदर्शन के लिए **द्वितीय बांध पुनरुद्धार तथा सुधार परियोजना (DRIP-2) समझौते** के रूप में भारत में **250 मिलियन अमेरिकी डॉलर** की परियोजना को मंजूरी दी है।
- पाकिस्तानी पर्वतारोही **शेहरोज़ काशिफ (19 वर्षीय)** K2 (दुनिया की दूसरी सबसे ऊंची चोटी) के शिखर पर पहुंचने वाले **दुनिया के सबसे युवा पर्वतारोही** बने।
- **राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम** ने **7वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस (7 अगस्त)** के उपलक्ष्य में दिल्ली हाट में **माई हैंडलूम माई प्राइड एक्सपो** का आयोजन किया।
- **APEDA** ने विशेष रूप से कर्नाटक से कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने हेतु **कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय (UAS) बैंगलोर** के साथ MoU पर हस्ताक्षर किए।

- प्रख्यात लेखिका एवं पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित पद्मा सचदेव (81 वर्षीय) का मुंबई में निधन हो गया। वह डोगरी भाषा की पहली आधुनिक महिला कवयित्री हैं।

4 अगस्त

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

- अति-रूढ़िवादी मौलवी एवं न्यायपालिका के प्रमुख **इब्राहिम रायसी** ने 3 अगस्त, 2021 से **ईरान के आठवें राष्ट्रपति** के रूप में पदभार ग्रहण किया। ईरान की राजधानी: **तेहरान**
- **नीति आयोग** ने **RMI और RMI इंडिया** के साथ **टर्निंग अराउंड द पावर डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर** शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की है, **जो बिजली वितरण क्षेत्र** में परिवर्तन हुए सुधार का रास्ता दर्शाती है।
- **HDFC बैंक** ने स्मॉल रिटेलर्स के लिए **'दुकानदार ओवरड्राफ्ट योजना'** नामक एक ओवरड्राफ्ट सुविधा शुरू की है ताकि दुकानदारों एवं व्यापारियों के नकदी संकट को कम करने में मदद मिल सके।

- केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री, **अनुराग सिंह ठाकुर** ने **नई दिल्ली में भारतीय पैरालंपिक दल के लिए थीम सॉन्ग** लॉन्च किया है। गाने का नाम '**कर दे कमाल तू**' है।
- **यूएस मेन्स नेशनल टीम** ने अतिरिक्त समय में **मेक्सिको** को **1-0 से** हराकर लास वेगास में **2021 CONCACAF फुटबॉल गोल्ड कप** जीता।

- **इटली के मार्सेल जैकब्स (26 वर्षीय)** ने **टोक्यो ओलंपिक में पुरुषों के 100मी में स्वर्ण पदक जीता** है। उन्होंने **80 सेकंड** में यह उपलब्धि हासिल की और एथलेटिक्स में सबसे प्रतिष्ठित खिताब हासिल करने वाले पहले इतालवी बन गए।
- **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)** ने वैश्विक तरलता को बढ़ावा देने हेतु **IMF के विशेष आहरण अधिकार (SDR) में $650 बिलियन** के आवंटन को मंजूरी दी है।
- सात भारतीय कंपनियों को **2021 फॉर्च्यून की ग्लोबल 500 सूची** में रखा गया है**,** जो व्यावसायिक राजस्व के आधार पर वैश्विक स्तर पर शीर्ष 500 उद्यमों की वार्षिक रैंकिंग है। **सूची में शामिल भारतीय कंपनियां:** रिलायंस इंडस्ट्रीज (155 रैंक), SBI (205), इंडियन ऑयल (212), ONGC (243), राजेश एक्सपोर्ट्स (348), टाटा मोटर्स (357), भारत पेट्रोलियम (394)
- रक्षा सचिव **अजय कुमार** ने आजादी का अमृत महोत्सव के भाग के रूप में **75वें स्वतंत्रता दिवस समारोह 2021 (IDC 2021) के लिए वेबसाइट https://indianidc2021.mod.gov.in** लॉन्च की है ।
- **जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव (24 वर्षीय)** ने **रूसी करेन खाचानोव** को **6-3 6-1 से** हराकर टोक्यो ओलंपिक में पुरुष एकल टेनिस में स्वर्ण पदक जीता**।**

3 अगस्त

- **निकोल पाशिन्यन (46 वर्षीय)** को 2 अगस्त, 2021 से राष्ट्रपति आर्मेन सार्किसन ने आधिकारिक तौर पर **आर्मेनिया का पुनः प्रधानमंत्री** नियुक्त किया है।
- प्रसिद्ध भारतीय लेखक, **कुणाल बसु** ने 2022 की शुरुआत में **'इन एन आइडियल वर्ल्ड'** शीर्षक से अपना नया उपन्यास जारी करने की घोषणा की है।
- अल्पाइन-रेनॉल्ट टीम के **एस्टेबन ओकन (फ्रांस)** ने 1 अगस्त, 2021 को हंगरी के मोग्योरोड में हंगरोरिंग में आयोजित **हंगेरियन ग्रांड प्रिक्स 2021 जीता है।**
- ओडिशा की राजधानी **भुवनेश्वर COVID-19 के खिलाफ अपने लोगों का 100% टीकाकरण** हासिल करने वाला भारत का पहला शहर बन गया है।

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

- मल्टीपल वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता **मान कौर (105 वर्षीय)** का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उन्हें **'चंडीगढ़ का चमत्कार'** कहा जाता था।
- एक दशक से अधिक लंबे करियर को अलविदा करते हुए श्रीलंका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर, **इसुरु उदाना (33 वर्षीय)** ने 31 जुलाई, 2021 **से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने** की घोषणा की।

- **संस्कृति मंत्रालय** ने स्वतंत्रता दिवस 2021 पर **आजादी का अमृत महोत्सव मनाने हेतु अनूठा कार्यक्रम** शुरू किया है। इस पहल में, लोगों को राष्ट्रगान गाने और वेबसाइट **RASHTRAGAAN.IN** पर वीडियो अपलोड करने के लिए आमंत्रित किया गया है।
- **पर्यटन मंत्रालय** ने **भारत में विकास के लिए इकोटूरिज्म** को **आला पर्यटन क्षेत्रों** में से एक के रूप में चिन्हित किया है।
- केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ने **'बायोटेक- PRIDE'** (डेटा एक्सचेंज के ज़रिए अनुसंधान एवं नवोन्मेष का संवर्धन) दिशानिर्देश जारी किए हैं।

2 अगस्त

- भारतीय शटलर **पी.वी. सिंधु** ने **टोक्यो ओलंपिक** में महिला एकल मैच में कांस्य पदक जीता।
- **म्यांमार की राज्य प्रशासन परिषद** को **'म्यांमार की कार्यवाहक सरकार'** में परिवर्तित किया गया, जिसकी अध्यक्षता म्यांमार सेना के प्रमुख **सीनियर जनरल मिन आंग हलिंग** ने **प्रधानमंत्री** के रूप में करेंगे।
- भारतीय महिला हॉकी टीम ने पहली बार ओलंपिक खेलों के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करके इतिहास रचा।
- इटली के **लैमोंट मार्सेल जैकब्स** ने पुरुषों की **100 मीटर दौड़ 80 सेकेंड** में पूरी करके स्वर्ण पदक जीता।
- **वेनेजुएला** की दो बार की विश्व चैंपियन **युलिमर रोजास** ने **महिलाओं की ट्रिपल जंप** में **ओलंपिक स्वर्ण** जीतकर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया।
- इतालवी लक्जरी ब्रांड **बुल्गारी** ने अभिनेत्री **प्रियंका चोपड़ा जोनास** को ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया।
- **LAC** पर विश्वास बढ़ाने के लिए सिक्किम सेक्टर में भारतीय तथा चीनी सेनाओं के बीच एक **हॉटलाइन** स्थापित की गई है।
- **भारत बिल पेमेंट सिस्टम** ने **नूपुर चतुर्वेदी** को अपना नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया।

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now